# 32 कथन एवं पूर्वधारणाएँ
## (Statement And Assumptions)

पूर्वधारणा का तात्पर्य कल्पना करना या अनुमान लगाना होता है यानी दिये गये कथन के आधार पर उससे संबंधित बात का पता लगाने को पूर्वधारणा कहा जाता है।

इसमें एक कथन दिया गया होता है तथा इसके बाद दो या तीन पूर्वधारणाएँ दी गई होती हैं। कथन एवं दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करते हुए यह ज्ञात करना होता है कि दी गई पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा दिए गए कथन में सन्निहित है।

**महत्वपूर्ण स्मरणीय तथ्य**

- एक कथन का एक से अधिक पूर्वधारणाएँ निकाली जा सकती हैं।
- कथन में जो बात कही गयी है पूर्वधारणा उस पर ही आधारित होना चाहिए। कोई भी पूर्वधारणा में कथन से बाहर की बात यानी कि पूर्वधारणा कथन से व्यापक नहीं होनी चाहिए। पूर्वधारणा का निहितार्थ कथन के निहितार्थ से भिन्न नहीं होना चाहिए।
- किसी भी कथन के आधार पर लगाया गया अनुमान पूर्वधारणा नहीं हो सकती है।
- कथन को दूसरे शब्दों में लिख देना या कथन के अन्दर का ही कोई तथ्य यदि हो तो वह पूर्वधारणा नहीं हो सकती है।
- किसी कथन से संबंधित पूर्वधारणाओं में यदि भूतकाल (पिछली बात) या भविष्यत्काल की बात की जाए, तो सामान्यतः वह मान्य नहीं होता है।
- यदि कुछ शब्द जैसे—सभी, प्रत्येक, हरेक, कुल इत्यादि पूर्वधारणा वाले वाक्य में जुड़े हों, तो वह कथन की पूर्वधारणा नहीं हो सकती है।
- यदि कुछ शब्द जैसे—केवल, सिर्फ, एकमात्र, सर्वोत्तम, निश्चित, प्रबल इत्यादि पूर्वधारणा में शामिल कर उसे particularise कर दिया जाए तो वह कभी भी कथन की पूर्वधारणा नहीं हो सकती है।
- पूर्वधारणा और कथन एक-दूसरे के सार्थक होने चाहिए। किसी भी कथन का प्रतिवर्तन (obversion) उस कथन की पूर्वधारणा नहीं हो सकती है यानी कि कथन के कर्त्ता, उद्देश्य एवं क्रिया में से किन्हीं दो को नकारात्मक रूप में लिखने पर यदि उसका अर्थ न बदले, तो वह कथन की पूर्वधारणा नहीं हो सकती है।
- कथन में जिसके बारे में उल्लेख किया जाए अगर उसका अस्तित्व हो, तो वह कथन की पूर्वधारणा होती है।
- यदि किसी कथन में सलाह, परामर्श इत्यादि दिया हो तो वह कथन की पूर्वधारणा होती है, क्योंकि कोई भी सलाह यह सोचकर ही देता है कि आप उसकी बात मानें।
- यदि किसी कथन में सरकारी निर्देश या जनहित में जारी सूचना हो, तो वह कथन की पूर्वधारणा होती है, क्योंकि यह सामान्यतः आम जनता द्वारा माने जाने की आशा की जाती है।
- यदि किसी कथन में विज्ञापन दिया हो, तो वह कथन की पूर्वधारणा होती है, क्योंकि विज्ञापन सामान्यतः यह सोचकर दिया जाता है कि लोग उसे मानें।

**Note :** *कथन में दी गई समस्या को अपने आप के साथ जोड़कर तब निदान खोजें इससे अनुमान लगाना आसान हो जाएगा।*

### साधित उदाहरण

**Type–I**

**निर्देश (1–5) :** *नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं जिनके क्रमांक I और II दिये गये हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात होती है जिसे या तो मान लिया गया हो या वह ग्रहीत हो। आपको दिये गये कथन और उसके नीचे दी गयी पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित है।*

उत्तर (1) : दीजिये, अगर केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है।

उत्तर (2) : दीजिये, अगर केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

उत्तर (3) : दीजिये, अगर या तो पूर्वधारणा I अथवा II अंतर्निहित है।

उत्तर (4) : दीजिये, अगर न तो पूर्वधारणा I न ही पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

उत्तर (5) : दीजिये, अगर पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अंतर्निहित हैं।

1. **कथन :** हमारी 20% छूट की पेशकश का लाभ उठाने के लिए हमारे यहाँ 30 नवम्बर से पहले दाखिला लें—एक कोचिंग क्लास का विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ**

I : छूट की पेशकश अच्छे छात्रों को भी आकर्षित करेगी।

II : जो छात्र कोचिंग क्लासों की फीस अदा करने में असमर्थ हैं वे भी इस क्लास में शामिल हो सकते हैं।

*[Indian Overseas Bank PO 2006]*

उत्तर (1) : केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। चूँकि इस प्रकार के विज्ञापन सिर्फ उन्हीं छात्रों को आकर्षित करते हैं जो कोचिंग क्लास में दाखिला लेना चाहते हैं, परंतु यह विज्ञापन उन छात्रों के लिए नहीं है जो फीस नहीं दे सकते, क्योंकि छूट की प्रासंगिकता कोई औचित्य नहीं है।

2. **कथन :** मानसून के कारण महामारी के होने से बचाव के उपाय के रूप में नगर प्राधिकारियों ने सारे शहर में मुक्त वैक्सीनेशन शिविरों का आयोजन किया है।

**पूर्वधारणाएँ**

I : नगर प्राधिकारियों द्वारा आयोजित किए जाने के कारण शिविरों को अच्छा प्रतिसाद मिल सकता है।

II : लोग सामान्यतः वैक्सीनेशन की जरूरत के बारे में जागरूक हैं।

उत्तर (5) : दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। चूँकि सामान्यतः लोग वैक्सीनेशन के बारे में जानते हैं कि इससे क्या लाभ या हानि है। अतः नगर प्राधिकारियों द्वारा आयोजित शिविरों को अच्छा प्रतिसाद मिलेगा।

3. **कथन :** थोक बाजार से आपूर्ति कम होने के कारण इलाके की बहुत-सी दुकानों ने खाद्यान की कीमतें बढ़ा दी।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है लोग अभी भी इन दुकानों से ऊँची कीमतों पर खाद्यान्न खरीदें।

II : हो सकता है लोग कुछ दिन तक खाद्यान्न न खरीदें और कीमतों के गिरने का इंतजार करें। *[Union Bank PO 2006]*

उत्तर (5) : पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि दोनों प्रकार की मानसिकता होना संभव है, क्योंकि कुछ लोग आवश्यकतानुसार खाद्यान्न महँगा होने पर भी खरीदेंगे लेकिन कुछ कीमतें गिरने का इंतजार करेंगे अतः दोनों पूर्वधारणाएँ संभावना व्यक्त करते हुए अन्तर्निहित हैं।

4\. कथन : ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पीने के कारण खाद्य विषाक्तता के मामले बढ़ रहे हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पीने वाले लोगों का प्रतिशत अधिक है।

II : ग्रामीण क्षेत्रों में अनाधिकृत नकली शराब की दूकानें बहुत हैं। [RBI 2005]

उत्तर (2) : केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अनाधिकृत नकली शराब की दूकानें अधिक हैं, जिससे खाद्य विषाक्तता के मामले बढ़ रहे हैं। पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित नहीं है, क्योंकि इसका खाद्य विषाक्तता से कोई संबंध नहीं है।

5\. कथन : स्थानीय क्लब की प्रबंध समिति ने अपने सभी सदस्यों को सप्ताहांत के दौरान दो से अधिक मेहमान नहीं लाने का अनुरोध किया है।

पूर्वधारणाएँ

I : क्लब के अधिकांश सदस्य सप्ताहांत के दौरान क्लब में आएँगे।

II : वीक-डेज में सदस्य अपने मेहमानों को क्लब में लाएँगे। [Corporation Bank SO 2006]

उत्तर (2) : केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि स्थानीय क्लब की प्रबंध समिति ने अपने सभी सदस्यों से सप्ताह के अंत में दो से अधिक मेहमान न लाने का अनुरोध इसलिए किया है, क्योंकि सप्ताह के अंत में क्लब के अधिकांश सदस्य एकत्रित होते हैं और क्लब में आशा से अधिक व्यक्ति एकत्रित न हों।

**TYPE-II.**

1\. कथन : बगैर भारी मूल्य अदा किए उच्चग्रुपों में विचरण कीजिए— हमारे साथ एक शानदार फ्लैट बुक कराइये—अपनी प्रतिष्ठित परियोजना के लिए एक भवन निर्माण कंपनी का यह एक विज्ञापन है।

पूर्वधारणाएँ

I : कठिन परिश्रम द्वारा चुने हुए धनी लोगों के समूह में सम्मिलित होना संभव है।

II : बगैर भारी मूल्य अदा किए शान में रहना समाज में उच्च लोगों की कसौटी है।

III : अब शानदार फ्लैट बुक कराना बड़ा सरल हो गया है।

(1) केवल II (2) केवल III

(3) केवल II और III (4) सभी

(5) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (3) : पूर्वधारणाएँ II और III कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि बगैर भारी मूल्य अदा किए शान में रहना समाज में उच्च लोगों की कसौटी है तथा अब शानदार फ्लैट बुक कराना बड़ा सरल हो गया है। विज्ञापन देने वाले लोगों की चाहत पता होती है और इसी का फायदा उठाकर वह लोगों को प्रलोभन देती है जिससे लोगों को भी फायदा होता है।

## अभ्यास-1

**TYPE-I.**

**निर्देश (1–100) :** *नीचे दिये गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है जिसे या तो मान लिया गया हो या वह ग्रहीत हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है।*

उत्तर (1) : दीजिये, अगर केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

उत्तर (2) : दीजिये, अगर केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (3) : दीजिये, अगर या तो पूर्वधारणा I अथवा पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (4) : दीजिये, अगर न तो पूर्वधारणा I न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (5) : दीजिये, अगर दोनों पूर्वधारणाएँ I और II अन्तर्निहित हैं।

1\. कथन : बहुत सी संख्याओं ने परीक्षा की ऑन-लाइन पद्धति अपना ली है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है देश के सभी भागों के उम्मीदवार कम्प्यूटर में पारंगत हों।

II : परीक्षा की ऑन-लाइन पद्धति से अधिक योग्य लोगों की भर्ती करने में मदद मिलती है। [Canara Bank PO 2009]

2\. कथन : प्रदूषण कम करने के लिए सरकार ने शहर की फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से पुनर्स्थापित करने का निर्णय लिया है।

पूर्वधारणाएँ

I : शहर में प्रदूषण सिर्फ वहाँ मौजूद फैक्ट्रियों से ही पैदा होता है।

II : हो सकता है लोग पुनर्स्थापित फैक्ट्रियों तक रोजाना यात्रा कर लें। [Canara Bank PO 2009]

3\. कथन : सरकार ने आतंकी हमलों के सभी पीड़ितों को मुआवजे के भारी पैकेज की घोषणा की।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है आतंक की ऐसी घटनाएँ निकट भविष्य में न हों।

II : यह मुआवजा नागरिकों के मन में वर्तमान सरकार के खिलाफ गुस्से को कम कर सकता है। [Canara Bank PO 2009]

4\. कथन : केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से सभी राज्यों में लौटरी के जरिए जुए पर प्रतिबंध लगा दिया है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है इससे अबोध नागरिक अपनी मेहनत की कमाई को धोखे में गवाने से बच जाएँ।

II : अगर लौटरियों पर प्रतिबंध लग गया तो लोग किसी और तरीके से जुआ नहीं खलेंगे। [Canara Bank PO 2009]

5\. कथन : यद्यपि भारत में चीनी फैक्ट्रियों की संख्या तेज गति से बढ़ रही है लेकिन हम अभी भी दूसरे देशों से इसका आयात किए जा रहे हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है फैक्ट्रियों की बढ़ी हुई संख्या भारत में चीनी की माँग को पूरा न करें।

II : चीनी की माँग में भविष्य में काफी वृद्धि हो सकती है। [Canara Bank PO 2009]

6\. कथन : मोहन ने अपनी माता को करीब तीस लोगों के लिए भोजन का इंतजाम करने के लिए कहा, क्योंकि अपना जन्मदिन मनाने के लिए उसने अपने सारे मित्रों को बुलाया है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है मोहन के अधिकतर दोस्त उसके जन्मदिन पर उसके घर आएँ।

II : मोहन के जन्मदिन की पार्टी में भाग लेने वाले तीस से ज्यादा लोग नहीं होंगे। [Bank of Maharashtra AO 2009]

7\. कथन : शहर के प्रसिद्ध कॉलेज द्वारा चलाए जाने वाले प्रोफेशनल कोर्सेस में दाखिला लेने के लिए बड़ी संख्या में महत्वाकांक्षी छात्रों ने आवेदन किया।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है सभी आवेदकों को कॉलेज में दाखिला मिल जाए।

II : हो सकता है प्रसिद्ध कॉलेज द्वारा अपनाई गई दाखिले की प्रक्रिया सभी आवेदकों के लिए उचित होगी। *[Bank of Maharashtra AO 2009]*

8. कथन : शहर में विदेशी उच्चाधिकारियों के दौरे के दौरान राज्य प्रशासन ने पचास से अधिक लागों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है विदेशी उच्चाधिकारियों के दौरे के दौरान लोग शहर में किसी भी स्थान पर इकट्ठा होने से बचें।

II : हो सकता है बहुत से लोग निषेधात्मक आदेशों को नजरअंदाज करें और उच्चाधिकारियों की एक झलक पाने के लिए इकट्ठे हों। *[Bank of Maharashtra AO 2009]*

9. कथन : राज्य के दो बड़े शहरों को जोड़ने वाले सुपर हाईवे का प्रयोग करने वाले प्रत्येक वाहन के लिए 100 रु० का टोल टैक्स लगाने का निर्णय सरकार ने लिया।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है इन दो शहरों के बीच यात्रा करने वाले अधिसंख्य वाहन सुपर हाईवे का प्रयोग न करें।

II : हो सकता है सरकार टोल टैक्स के संग्रह से सुपर हाईवे बनाने पर आम लागत को वसूली न कर पायें। *[Bank of Maharashtra AO 2009]*

10. कथन : वेतन संशोधन के निर्णय को अगले वर्ष तक स्थगित करने के सरकार के निर्णय के खिलाफ डिग्री कॉलेजों के सभी अध्यापक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है सरकार सभी हड़ताली अध्यापकों को निलंबित कर दे।

II : हो सकता है सरकार कॉलेज अध्यापकों के वेतन को चालू वर्ष में संशोधित कर दे। *[Bank of Maharashtra AO 2009]*

11. कथन : सिविक निकाय ने शहर के एक अलग-अलग हिस्से पर स्थित तट पर एक बड़ा नोटिस बोर्ड लगाया, ''पिछले कुछ महीनों के दौरान समुद्र में तैरते समय कई पिकनिक मनाने वाले डूब गए।''

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है पिकनिक मनाने वाले नोटिस का नजरअंदाज करें और समुद्र में जाने का जोखिम लेते रहें।

II : हो सकता है पिकनिक मनाने वाले इसे पढ़ लें और समुद्र में जाते समय सावधान रहें। *[Bank of India PO 2010]*

12. कथन : हाल में सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों को 25 लाख रु० तक के आवास ऋणों पर ब्याज की दर घटाने के लिए कहा है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 25 लाख रु० तक के सभी आवास ऋणों पर ब्याज दर घटा दें।

II : हो सकता है लोग सरकार के फैसले का अनुचित लाभ उठाएँ। *[Bank of India PO 2010]*

13. कथन : स्थानीय अस्पताल ने प्रमुख प्रवेश द्वार पर नोटिस लगाया कि अस्पताल इलाके में रहने वाले लोगों के कैंसर का पता लगाने के लिए मुफ्त जाँच करेगा।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है इलाके में रहने वाले लोग बड़ी संख्या में अस्पताल द्वारा दी जा रही मुफ्त जाँच का लाभ उठाएँ।

II : हो सकता है इस काम पर लगाया गया अस्पताल का स्टाफ जाँच के लिए आने वाले लोगों की भीड़ को संभाल लेगा। *[Bank of India PO 2010]*

14. कथन : सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले प्रत्येक परिवार को अगले तीन महीने तक 3 किग्रा खाद्यान्न 5 रु० प्रति किग्रा की नाममात्र कीमत पर वितरित करने का निर्णय लिया है।

पूर्वधारणाएँ

I : सरकार के पास पूरी अवधि के दौरान खाद्यान्न वितरित करने का पर्याप्त स्टॉक है।

II : हो सकता है गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार 5 रु० प्रति किग्रा की दर से खाद्यान्न खरीदने में समर्थ हो सके। *[Bank of India PO 2010]*

15. कथन : क्रिकेट निकाय ने टूर्नामेंट के फाइनल मैच को देश के सबसे बड़े स्टेडियम में कराने का फैसला किया जिसमें एक लाख से अधिक दर्शक बैठ सकते हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है अधिकांश टिकट बिक जाएँ जिससे क्रिकेट निकाय को भारी आमदनी हो।

II : हो सकता है अधिकांश दर्शक स्टेडियम जाने के बजाय अपने-अपने घर में TV पर मैच देखना पसंद करें। *[Bank of India PO 2010]*

16. कथन : नगर निगम ने मानसून के आने तक शहर में जल आपूर्ति में 50 प्रतिशत कमी करने की घोषणा की है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है लोग नगर निगम के एकपक्षीय निर्णय का विरोध करेंगे।

II : हो सकता है नगर निगम निवासियों से कर को कम कर सकता है, क्योंकि यह पर्याप्त जल उपलब्ध कराने में असफल रहा है। *[Bank of Baroda PO 2010]*

17. कथन : रेल पटरियों को पार करने की कोशिश कर रहे कई लोगों को रेलवे पुलिस ने पकड़ लिया और छोड़ने से पहले उन पर भारी जुर्माना लगाया।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है भविष्य में लोग रेल पटरियाँ पार करने से परहेज करें।

II : हो सकता है लोग रेल पटरियाँ पार करते रहें और भारी जुर्माना देते रहें। *[Bank of Baroda PO 2010]*

18. कथन : सरकार ने देश के सभी सुखा प्रभावित क्षेत्र के लिए अतिरिक्त काम के बदले अनाज कार्यक्रम की हाल में घोषणा की है।

पूर्वधारणाएँ

I : इन कार्यक्रमों को चलाने के लिए सरकार के पास पर्याप्त निधि है।

II : हो सकता है इन कार्यक्रमों के कारण प्रभावित लोगों को कम-से-कम दिन में एक बार खाना मिल जाए। *[Bank of Baroda PO 2010]*

19. कथन : राज्य के अधिकांश इंजीनियरिंग कॉलेजों ने अगले अकादमिक सत्र के लिए सीटों की अधिक संख्या मंजूर करने के लिए विनियामक निकाय को आवेदन किया।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है विनियामक निकाय राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों द्वारा माँगी गई अतिरिक्त सीटें मंजूर कर दें।

II : हो सकता है राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेज अतिरिक्त सीटों को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त कर लें। *[Bank of Baroda PO 2010]*

20. कथन : राज्य गर्मी की भीषण लहर से गुजर रहा है, इसे देखते हुए सरकार ने तत्काल प्रभाव से अगले पखवाड़े तक सारे स्कूलों को बंद करने के लिए कहा है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है गर्मी की लहर एक पखवाड़े से ज्यादा न चले।

II : हो सकता है छात्रों के माता-पिता एक पखवाड़े के बाद भी अपने बच्चों को स्कूल नहीं आने देंगे। *[Bank of Baroda PO 2010]*

21. कथन : सभी ऐसे बेरोजगार भारतीय युवाओं को जो 18 वर्ष से ऊपर आयु के हैं बेरोजगारी भत्ता दिया जाना चाहिए।

पूर्वधारणाएँ

I : भारत में ऐसे बेरोजगार युवा हैं जिन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है।

II : सरकार के पास सभी बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने हेतु पर्याप्त धनराशि है। *[BSRB PO 1996]*

22. कथन : हमारे स्टोर से यह कैमरा पार (चुराने) करने की कोशिश कीजिए—एक डिपार्टमेंटल स्टोर्स में एक डिस्प्ले।

पूर्वधारणाएँ

I : लोग कैमरा रखना चाहते हैं।

II : चोरी का पता लगाने के लिए स्टोर्स में विडियो मानीटिरिंग व्यवस्था है। *[IB 2007]*

23. कथन : सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में विविध फीस लेने में एकरूपता होनी चाहिए।

पूर्वधारणाएँ

I : सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में विविध फीस लेने में एकरूपता है।

II : सब्सीडी देने के समय सरकार ने फीस के बारे में एकरूपता रखने संबधी कुछ शर्तें लागू की होंगी। *[CET 2004]*

24. कथन : भारत में चीनी मिलों की संख्या में वृद्धि के बावजूद हम अभी तक चीनी का आयात जारी रखे हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : भारत में चीनी की प्रति व्यक्ति खपत बढ़ी है।

II : बहुत-सी मिलें अपनी पूरी क्षमता तक चीनी उत्पादन कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। *[MBA 2002]*

25. कथन : पीने के पानी की कमी को देखते हुए म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने इस कठिनाई को दूर करने के लिए 20% पानी की कटौती की घोषणा कर दी है।

पूर्वधारणाएँ

I : इस घोषणा का लोगों के सामान्य जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

II : पीने के पानी की कमी अगले तीन महीने में दूर हो जायेगी। *[RBI 1996]*

26. कथन : हमें गलतियों से डरना नहीं चाहिए पर हमें उन गलतियों से सीख लेनी चाहिए।

पूर्वधारणाएँ

I : जब हम कुछ कार्य कर रहे हैं तो कुछ गलतियाँ हो सकती हैं।

II : हम अपने गुजरे हुए समय से लाभ उठा सकने में समर्थ हैं और गलती रहित कार्य करने के अवसर बढ़ाते हैं। *[CET 2007]*

27. कथन : धन ही किसी परिवार में सारी समस्याओं की जड़ होती है।

पूर्वधारणाएँ

I : प्रत्येक समस्या किसी-न-किसी कारण से होती है।

II : परिवार में हमेशा कुछ-न-कुछ समस्याएँ होती ही हैं।

28. कथन : इस वर्ष क्रिसमस पार्टी के लिए एन्थोनी को तुम आमंत्रित क्यों नहीं कर रहे हो?

पूर्वधारणाएँ

I : एन्थोनी इस शहर में नहीं है।

II : वह पार्टी में नहीं आयेगा। *[BSRB PO 1997]*

29. कथन : बहुत-से लोगों को आश्चर्य हुआ कि राजकुमारी ने विवाह की शाही परंपरा को तोड़कर एक साधारण नागरिक को अपना जीवन साथी चुना।

पूर्वधारणाएँ

I : लोगों को शाही परिवारों से अपेक्षा रहती है कि वे रीति-रिवाजों का पालन करेंगे।

II : लोग शाही खून की शुद्धता को अभी भी महत्व देते हैं, जबकि शाही परिवारों के विवाह का प्रश्न हो। *[MBA 2003]*

30. कथन : यह माल की गुणवत्ता नहीं बल्कि अच्छा विज्ञापन होता है जो बिक्री को बढ़ा देता है।

पूर्वधारणाएँ

I : उपभोक्ता को अच्छे विज्ञापन से प्रभावित किया जा सकता है।

II : उपभोक्ता अच्छे गुण वाले विज्ञापन की चाह रखता है। *[Nabard 2007]*

31. कथन : नागरिक परिषद् द्वारा आरंभ किया गया 'अपने शहर को स्वच्छ रखें' अभियान नागरिकों में कोई प्रक्रिया नहीं जगा सके।

पूर्वधारणाएँ

I : लोग अपने शहर को स्वच्छ रखना नहीं चाहते हैं।

II : नागरिक परिषद अपने अभियान में असफल रही है। *[SSC 2005]*

32. कथन : नई योजना लोगों को यह अवसर देती है कि वे स्वैच्छिक रूप से अपनी अघोषित सम्पत्ति घोषित कर दें और न्यूनतम दर पर कर अदा करके उसे वैध बना लें।

पूर्वधारणाएँ

I : लोगों की इच्छा हो सकती है कि वे कम कर अदा कर दें और वैध रूप से चीजें रख सकें।

II : न्यूनतम दर पर कर अदा करने की ओर लोग आकर्षित हो सकते हैं। *[SBI PO 2008]*

33. कथन : एक बैंक का विज्ञापन—"आप बैंक खाता खोलना चाहते हैं सिर्फ हमारी रूम सेवा का नंबर घुमाइए और हम आपके दरवाजे पर हाजिर हो जाएँगे।"

पूर्वधारणाएँ

I : लोगों का एक वर्ग ऐसा है जो अपने घर पर ऐसी सेवा चाहता है।

II : आजकल बैंकिंग सेवा बहुत प्रतिस्पर्धात्मक होती जा रही है। *[SSC 2005]*

34. कथन : कॉलेज के अधिकारियों ने निश्चित किया है कि स्नातक के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की व्याख्यान में उपस्थिति अनिवार्य नहीं बनायी जाए।

पूर्वधारणाएँ

I : अंतिम वर्ष के विद्यार्थी जिम्मेवार हैं और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने हितों की रक्षा करेंगे।

II : कॉलेज में व्याख्याता अच्छे नहीं हैं और कॉलेज अधिकारियों को सहयोग नहीं देते हैं। *[SSC 2005]*

35. कथन : यदि हम गरीब परिवारों के बच्चों के लिए पहले दर्जे की पाठशाला उपलब्ध करा सकें और पाठशाला में उचित हाजिरी की व्यवस्था की जा सके तो शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

पूर्वधारणाएँ

I : सभी गरीब परिवारों के बच्चे अच्छी पाठशालाओं में नहीं जाते।

II : गरीब परिवार के बच्चे नियमित पाठशाला नहीं जाते हैं।

36. कथन : सभी व्यक्ति समाचार पत्र पढ़ना पसंद करते हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : समाचार पत्र पढ़ने के लिए होते हैं।

II : प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित है।

37. कथन : ''आप अपनी हिफाजत करें। हम आपके धन की हिफाजत करेंगे इसलिए हमारे साथ बचत करें।''–एक बैंक का विज्ञापन।

पूर्वधारणाएँ

I : लोग विज्ञापन पढ़ते हैं।

II : भड़किले नारे लोगों का ध्यान आकृष्ठ करते हैं।

38. कथन : यदि आप निपुण हैं, तो हमारे पास आपके लिए काम उपलब्ध है।

पूर्वधारणाएँ

I : आप निपुण हैं।

II : हमें एक निपुण व्यक्ति की आवश्यकता है।

39. कथन : ''ट्रेन के अंदर सिगरेट न पीएँ, यह सुरक्षा के लिए जरूरी है।'' एक सूचना

पूर्वधारणाएँ

I : ट्रेन के अंदर सुरक्षा वांछनीय है।

II : साधारणतया लोग ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं देते हैं।

40. कथन : कम्प्यूटर की शिक्षा स्कूल से ही शुरू करनी चाहिए।

पूर्वधारणाएँ

I : कम्प्यूटर सीखना आसान है।

II : कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त करने पर नौकरी आसानी से मिल जाती है।

41. कथन : शहर में अगले दिन खेले जाने के लिए निर्धारित एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट खरीदने के लिए बहुत बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े रहे।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है अगले छह महीने तक शहर में और कोई एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच न खेला जाए।

II : हो सकता है जो कतार में खड़े रहें उनमें से अधिकांश को एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट मिल जाएँ। *[Punjab & Sindh Bank PO 2010]*

42. कथन : हाईवे पुलिस अथॉरिटी ने नियमित दूरी पर गति सीमा और हाईवेज पर अधिक गति के खतरों को निर्दिष्ट करने वाले बड़े-बड़े बोर्ड लगाये।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है अधिकांश मोटर-चालक हाईवेज पर अपने वाहन गति सीमा के भीतर चलाएँ।

II : आमतौर पर मोटर चालक ऐसी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हैं और हाईवेज पर अधिक स्पीड से वाहन चलाते हैं। *[Punjab & Sindh Bank PO 2010]*

43. कथन : कर्मचारी संघ ने अपने सदस्यों को वार्षिक कार्यक्रम से दूर रहने के लिए कहा, क्योंकि प्रबंधन ने उनकी कई माँगे नहीं मानी थी।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है संघ के अधिकांश सदस्य कार्यक्रम में भाग न लें।

II : हो सकता है प्रबंधन वार्षिक कार्यक्रम को रद्द कर दें। *[Punjab & Sindh Bank PO 2010]*

44. कथन : गाँव में पीने के पानी की गंभीर कमी की समस्या पर चर्चा करने के लिए गाँव के सरपंच ने सभी परिवारों के मुखियाओं की बैठक बुलाई।

पूर्वधारणाएँ

I : विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा करने के लिए सरपंच ने ऐसी बैठक पहले भी की थी।

II : हो सकता है अधिकांश परिवारों के मुखिया सरपंच द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लें। *[Punjab & Sindh Bank PO 2010]*

45. कथन : नगर निगम ने तटों के किनारे झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोगों को मानसून के दौरना ऊँची जगहों पर जाने के लिए कहा।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है झोपड़ियों में रहने वाले कई लोग शहर छोड़ दें और राज्य में कहीं और जाकर रहें।

II : हो सकता है तट के किनारे झोपड़ियों में रहने वाले अधिकांश लोग मानसून के दौरान ऊँची जगहों पर जाकर रहने की कोशिश करें। *[Punjab & Sindh Bank PO 2010]*

46. कथन : जॉब रोटेशन से कर्मचारी को संख्या का सिंहावलोकन (ओवरव्यु) करने में सहायता मिल जाती है।

पूर्वधारणाएँ

I : संख्या का सिंहावलोकन (ओवरव्यु) करने के लिए जॉब रोटेशन एकमात्र तरीका है।

II : संख्या का सिंहावलोकन (ओवरव्यु) करना आवश्यक होता है। *[Bank of India PO 2010]*

47. कथन : सुश्री X को अपनी कंपनी के CEO के रूप में नियुक्त कर लिया जाए ताकि कंपनी के उत्पादों को भी वास्तविक समझा (पर्सिव) किया जाएगा।

पूर्वधारणाएँ

I : CEO उत्पादों के बारे में समझा (पर्सेप्शन) को बदल सकता है।

II : समझना (पर्सेप्शन) वही है जो वास्तविक यथार्थ है। *[Bank of India PO 2010]*

48. कथन : एक विज्ञापन–नया मॉडल के–सीरीज इंजिन के साथ उतारा गया है।

पूर्वधारणाएँ

I : लोग के-सीरीज इंजिन के बारे में जानते हैं।

II : इंजिन का प्रकार/सीरीज क्रेताओं के लिए महत्वपूर्ण है। *[Bank of India PO 2010]*

49. कथन : मोहन नीता को कहता है, ''अगले कल लंच पर मिला जाए''।

पूर्वधारणाएँ

I : दोनों को लंच का समय मालूम है।

II : दोनों लंच की जगह के बारे में जागरूक हैं। *[Bank of India PO 2010]*

50. कथन : प्रतिभा की पहचान करने के लिए प्रतिभावान होना जरूरी है।

पूर्वधारणाएँ

I : प्रतिभा अर्जित और विकसित की जाती है।

II : प्रतिभा आनुवंशिक होती है। *[Bank of India PO 2010]*

51. कथन : फिल्म सुपर-सुपर हिट है और उसने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

पूर्वधारणाएँ

I : हिट या फ्लॉफ का निर्णय करने के लिए कोई प्रामाणिक मानदंड नहीं है।

II : पिछली फिल्मों के प्रदर्शन की जानकारी है। *[Bank of India PO 2010]*

52. कथन : ''आपसे बैठक के बाद रात के खाने पर भी शामिल होने की प्रार्थना है'' पत्र का अंतिम वाक्य।

पूर्वधारणाएँ

I : यदि साफ वर्णित न हो तो हो सकता है कि रात के खाने की आशा से न आए।

II : व्यक्ति रात के खाने का निमंत्रण स्वीकार करेंगे। *[BSRB AO 1998]*

53. कथन : किसी भी राष्ट्र की आर्थिक समृद्धता उस देश के मानव संसाधन की गुणवत्ता पर निर्भर है।

पूर्वधारणाएँ

I : किसी देश के मानव संसाधन की गुणवत्ता के बारे में निश्चित करना संभव है।

II : आर्थिक समृद्धि हासिल करना प्रत्येक राष्ट्र के हृदय में बसा हुआ लक्ष्य होता है। *[RRB 2003]*

54. कथन : हमें अपने सभी अधिकारियों को सूचित करना चाहिए कि वे कार्यालय समय के दौरान अखबार न पढ़ा करें–चीफ मैनेजर ने चीफ एडमिनिस्ट्रेटर से कहा।

पूर्वधारणाएँ

I : कार्यालय समय के दौरान अखबार पढ़ना वांछनीय है।

II : इस पर बंदिश लगा देने से कार्यालय की सक्षमता बढ़ नहीं जायेगी। [BSRB PO 2003]

55. कथन : नौकरी के लिए अभ्यर्थियों के चयन हेतु किए जानेवाले साक्षात्कार में उनके व्यक्तित्व गुणों का मापन होना चाहिए।

पूर्वधारणाएँ

I : कार्य का निष्पादन व्यक्तित्व गुणों पर निर्भर करता है।

II : व्यक्तित्व गुणों को साक्षात्कार द्वारा मापा जा सकता है।

56. कथन : वैधानिक चेतावनी : सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

पूर्वधारणाएँ

I : सिगरेट नहीं पीने से स्वास्थ्य में वृद्धि होती है।

II : वास्तव में इस चेतावनी की कोई जरूरत नहीं है।

57. कथन : अच्छी पुस्तक भले ही महँगी हो, बिकती है।

पूर्वधारणाएँ

I : कुछ पुस्तकें दूसरी पुस्तकों से अच्छी हैं।

II : अधिकांश पुस्तकें महँगी हैं।

58. कथन : एक बड़े ट्रक के ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी ताकि अचानक सामने आ गए ऑटोरिक्शा से होने वाली टक्कर से बचा जा सके।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है ऑटो रिक्शा, ड्राइवर सामने आने वाले ट्रक से अपने वाहन को बचा लें।

II : हो सकता है ट्रक ड्राइवर ऑटोरिक्शा को टक्कर लगाने से पहले ट्रक को रोक ले। [Allahabad Bank PO 2010]

59. कथन : डॉक्टर ने रोगी को चेतावनी दी कि यदि वह बीमारी ठीक कराना चाहता है और लंबा जीवन चाहता है तो आगे से शराब न पीये।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है रोगी डॉक्टर की सलाह मान ले और शराब पीना छोड़ दे।

II : यदि रोगी शराब पीना बंद कर दे तो हो सकता है डॉक्टर रोगी के रोग का इलाज कर दे। [Allahabad Bank PO 2010]

60. कथन : कंपनी के अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों से कार्य समय के दौरान लंबी व्यक्तिगत कॉल न करने का आग्रह किया ताकि उत्पादकता बढ़ सके।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है अधिसंख्य कर्मचारी अध्यक्ष की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया करे।

II : हो सकता है अधिकांश कर्मचारी कार्य समय के दौरान लंबी व्यक्तिगत कॉल करते रहे। [Allahabad Bank PO 2010]

61. कथन : स्थानीय सांस्कृतिक क्लब ने क्लब की बिल्डिंग बनाने के लिए पैसा इक्ट्ठा करने के लिए संगीत का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय किया।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है स्थानीय निवासी इलाके में क्लब को संगीत कार्यक्रम आयोजित न करने दे।

II : हो सकता है संगीत कार्यक्रम आयोजित करके इक्ट्ठा हुआ पैसा क्लब के लिए निर्माण कार्य शुरू करने के लिए काफी हो। [Allahabad Bank PO 2010]

62. कथन : ट्राफिक पुलिस विभाग ने शहर के सभी प्रमुख जंक्शनों पर यह सूचित करने वाले बड़े-बड़े नोटिस बोर्ड लगाए हैं कि वाहन चलाते समय चालक सेल फोन का प्रयोग न करें। अन्यथा उनके लाइसेंस जब्त कर लिए जाएँगे।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है वाहन चालक चेतावनी को नजरअंदाज कर दे और वाहन चलाते समय सेल फोन का प्रयोग करते रहे।

II : हो सकता है ट्रैफिक पुलिस विभाग अधिकांश दोषियों को पकड़ ले और उनके लाइसेंस जब्त कर ले। [Allahabad Bank PO 2010]

63. कथन : ''अगर तुम अपनी फैक्टरी को सफल बनाना चाहते हो, तो तुम्हें कठोर परिश्रम करना चाहिए,'' A ने B से कहा।

पूर्वधारणाएँ

I : B, A की सलाह सुनता है।

II : फैक्ट्री का सफल होना वांछनीय है।

64. कथन : ट्रैफिक सिग्नलों को मैनेजिंग करते समय ट्रैफिक पुलिस को प्रदूषण रक्षक मास्क दिए जाने चाहिए।

पूर्वधारणाएँ

I : मास्क पहनने के बाद ट्रैफिक पुलिस अपना काम कर पाने में सक्षम हो जायेगी।

II : मास्क पहनने के लिए सुरक्षित है और उनका कोई प्रतिकूल दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

65. कथन : भारत के आर्थिक विकास को बढ़ती हुई औद्योगिक प्रणाली तथा वाहनों के प्रदूषण की भयंकर कीमत चुकानी पड़ रही है।

पूर्वधारणाएँ

I : औद्योगिक समाज में प्रदूषण उसका एक भाग है।

II : भारत का आर्थिक विकास केवल औद्योगिक विकास पर निर्भर है।

66. कथन : चालू वित्त वर्ष में घाटे की संभावना को देखते हुए रेलवे प्राधिकारियों ने माल भाड़े में 10% बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया है।

पूर्वधारणाएँ

I : शेष अवधि के दौरान भाड़े का आयतन समान रह सकता है।

II : इस प्रकार प्राप्त धनराशि आकलित घाटे की आंशिक रूप से भरपाई कर सकेगी। [SSC 2006]

67. कथन : विद्युत आपूर्ति निगम ने व्यापार क्षेत्र एरिया कुछ और संग्राहक केंद्र खोलने का निर्णय लिया है।

पूर्वधारणाएँ

I : उस क्षेत्र में विद्युत बिलों के भुगतान हेतु ग्राहकों को अपेक्षित समय कम लग सकता है।

II : यह घोषणा उपभोक्ताओं को प्रभावित कर सकता है।

68. कथन : जब किसी राष्ट्र में अच्छी सुरक्षा का माहौल जैसे वह दोनों आन्तरिक तथा बाहरी खतरों से मुक्त रहे, तो वहाँ त्वरित आर्थिक विकास की संभावना रहती है।

पूर्वधारणाएँ

I : एक राष्ट्र का तौलनिक रूप से आन्तरिक एवं बाहरी खतरों से मुक्त रहना संभव है।

II : त्वरित आर्थिक विकास प्रत्येक राष्ट्र की जरूरत है। [BSRB PO 1999]

69. कथन : मोबाइल फोन रखना अब हैसियत का प्रतीक नहीं रह गया है, बल्कि अनिवार्य जरूरत बन गया है।

पूर्वधारणाएँ

I : अधिकतर व्यक्तियों की अभीष्ट आसान सम्प्रेषण है।

II : लोग आजकल सम्प्रेषण के आसान माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। [RBI 2005]

70. कथन : पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत में हवाई यातायात में असाधारण वृद्धि हुई है।

पूर्वधारणाएँ

I : हवाई जहाज से यात्रा करना अब हैसियत का प्रतीक बन गया है।

II : अब बड़ी संख्या में लोग हवाई यात्रा करने में समर्थ हैं। *[RBI 2005]*

71. कथन : प्राथमिक विद्यालयों में मध्यदिवस के भोजन उपलब्ध कराने से विद्यालय छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

पूर्वधारणाएँ

I : मध्य-दिवस का भोजन बच्चों को विद्यालय आने के लिए आकर्षित करेगा।

II : वे बच्चे जो अच्छे भोजन से वंचित हैं, विद्यालय में आएँगे। *[SIDBI 2000]*

72. कथन : मानसून के पहले दो महीनों के दौरान शहर को जल-आपूर्ति करने वाली झीलों के जल-ग्रहण क्षेत्र में हुई सामान्य से कम वर्षा के बावजूद अधिकारियों ने शहर की जल आपूर्ति पर कोई कटौती नहीं की है।

पूर्वधारणाएँ

I : मानसून के बाकी बचे हुए समय के दौरान होने वाली वर्षा सामान्य जल-आपूर्ति के लिए पर्याप्त हो सकती है।

II : शहर को जल-आपूर्ति करने वाली झीलों का मौजूदा जल-स्तर सामान्य आपूर्ति के लिए पर्याप्त हो सकता है। *[Vijaya Bank PO 2004]*

73. कथन : राज्यों में प्रबन्ध संस्थानों की बड़ी संख्या के परिणामस्वरूप आवश्यकता की तुलना में MBA बहुत अधिक संख्या में बन रहे हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : सभी प्रबन्ध संस्थाओं को पर्याप्त छात्र मिल जाते हैं।

II : MBA के छात्र निम्न स्तर की नौकरियाँ स्वीकार करने के इच्छुक नहीं हैं। *[RBI Grade B 2005]*

74. कथन : वर्तमान स्थिति को बनाये रखने के लिए हमारे संस्थान में सभी कार्यों को कम्प्यूटरीकृत करना आवश्यक हो गया है।

पूर्वधारणाएँ

I : जब तक कम्प्यूटरीकृत नहीं होता है, तब तक संस्थान दौड़ में पीछे पड़ता रहेगा।

II : संस्थान का कार्य हाथों से करने में बहुत अधिक पेचीदा है। *[SIDBI 2000]*

75. कथन : एक राष्ट्र के तौर पर, हम उन सब के हितों की रक्षा तथा संवर्धन के लिए वचनबद्ध हैं जो कि सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के हितों की रक्षा तथा संवर्धन संभव है।

II : एक राष्ट्र को उसके नागरिकों के प्रति कुछ वचनबद्धता होनी चाहिए। *[SSC 2007]*

76. कथन : सरकार ने सूखाग्रस्त इलाकों के किसानों को मौद्रिक राहत उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

पूर्वधारणाएँ

I : सूखाग्रस्त इलाकों के किसान सरकारी राहत स्वीकार कर लेंगे।

II : सरकारी मशीनरी राहत प्रदान करने के लिए प्रभावित किसानों तक पहुँच जायेगी।

77. कथन : एक स्कूल के प्राचार्य ने सभी छात्रों को आने वाले महीनों में निर्धारित समय से कम-से-कम 15 मिनट पहले स्कूल पहुँचने के अनुदेश दियें।

पूर्वधारणाएँ

I : स्कूल के छात्रों के माता-पिता प्राचार्य के अनुरोध का विरोध करेंगे।

II : माता-पिता प्राचार्य से अनुदेश वापस लेने का अनुरोध करेंगे।

78. कथन : रेलवे प्राधिकरण ने लंबी दूरी की गाड़ियों की इंटरनेट से बुकिंग की सुविधा आरंभ कर दी है और यह थोड़ी-सी अतिरिक्त लागत पर कुरियर सेवा के माध्यम से घर पर डिलीवरी भी करवा देता है।

पूर्वधारणाएँ

I : अब बहुत से ग्राहक अपने निकट इंटरनेट के जरिये बुक करेंगे जिसके परिणामस्वरूप टिकट बुकिंग कार्यालयों पर भीड़ कम होगी।

II : बहुत से ग्राहक अभी भी अपने रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर से ही खरीदेंगे।

79. कथन : ''यदि आपने दसवीं कक्षा की परीक्षा में 75%अधिक अंक लिये हैं तो बारहवीं कक्षा के लिए हमारी कोचिंग क्लास में आपका दाखिला पक्का''— एक विज्ञापन

पूर्वधारणाएँ

I : बुद्धिमान छात्र आमतौर पर कोचिंग क्लासों को अटेंड करने का चुनाव नहीं करते।

II : कोचिंग क्लास के पास ऐसे सब छात्रों को स्थान देने की पर्याप्त क्षमता है।

80. कथन : नगर निगम ने छुट्टियों के मौसम के दौरान स्थानीय फुटबॉल मैदान में फन फेयर लगाने की अनुमति दे दी है।

पूर्वधारणाएँ

I : स्थानीय निवासी निगम के निर्णय का विरोध करेंगे।

II : बहुत से लोग फन फेयर में भाग नहीं लेंगे।

81. कथन : संस्था के बहुत से कर्मचारियों ने उच्च शिक्षा लेने के लिए दो वर्ष के विशेष विराम अवकाश के लिए आवेदन किया है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है प्रबंधन इनमें से अधिकांश कर्मचारियों का अवकाश मंजूर न करे।

II : हो सकता है ये कर्मचारी विराम अवकाश के दौरान अपनी शिक्षा पूरी कर लेंगे। *[Indian Overseas Bank PO 2009]*

82. कथन : कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्रों को कॉलेज परिसर के भीतर सेलफोनों का प्रयोग बंद करने के अनुदेश दिये हैं।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है छात्र कॉलेज परिसर में सेलफोनों का प्रयोग बंद कर दें।

II : हो सकता है छात्र कॉलेज परिसर में सेलफोनों का प्रयोग करते रहें। *[Indian Overseas Bank PO 2009]*

83. कथन : मेट्रो शहरों में हवाई जहाज से आने-जाने वाले यात्रियों पर सरकार ने कन्जेशन कर लगाने का निर्णय किया है।

पूर्वधारणाएँ

I : हो सकता है इस तरह वसूल किया गया कर भारी ट्रैफिक को संभालने के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने के आंशिक खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा।

II : हो सकता है इन शहरों में हवाई जहाज से आने-जाने वाले यात्री कन्जेशन कर के जरिये अतिरिक्त राशि दे दें। *[Indian Overseas Bank PO 2009]*

**84. कथन** : स्थानीय नागरिकों के समूह ने नगर प्राधिकरण को एक ज्ञापन दिया कि इलाके में खाली पड़े एक प्लॉट को उनके अपने खर्चे पर एक बगीचे में बदलने की अनुमति दी जाए।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है स्थानीय नागरिकों का समूह बगीचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त निधि एकत्र कर ले।

II : हो सकता है नगर प्राधिकरण स्थानीय नागरिकों के समूह के अनुरोध को न मानें। *[Indian Overseas Bank PO 2009]*

**85. कथन** : मौजूदा आर्थिक स्थितियों के कारण अधिकांश निजी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के वेतन में पिछले वर्ष के लिए वार्षिक वृद्धि करने के खिलाफ फैसला किया है।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है कि बहुसंख्यक कर्मचारी फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए अपनी नौकरी छोड़ दें।

II : हो सकता है ये कम्पनियाँ अगले वर्ष वेतन में वृद्धि की घोषणा करें। *[Indian Overseas Bank PO 2009]*

**86. कथन** : सबसे बड़े घरेलू एयरलाइन्स कॉरपोरेशन ने गर्मियों की नई अनुसूची जारी की है जिसमें मुख्य मार्गों पर और अधिक उड़ानें शुरू की गई हैं।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है गर्मियों के इन महीनों में मुख्य मार्गों पर एक एयरलाइन कॉरपोरेशन से अधिक संख्या में यात्री यात्रा करेंगे।

II : हो सकता है दूसरी एयरलाइन कंपनियाँ भी इन सभी सेक्टरों पर उड़ानों में वृद्धि कर दे। *[Corporation Bank PO 2010]*

**87. कथन** : कंपनी के अध्यक्ष ने अगले सप्ताहांत के दौरान रजत जयंती मनाने के लिए भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय लिया और बड़ी संख्या में मेहमानों को बुलाया।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है कंपनी के अधिकारी रजत जयंती समारोह की सभी आवश्यक तैयारियाँ कर लेंगे।

II : हो सकता है अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित अधिकांश मेहमान कार्यक्रम में आएँ। *[Corporation Bank PO 2010]*

**88. कथन** : कम्प्यूटर निर्माता सबसे बड़ी कंपनी ने डेस्कटॉप के अधिकांश मॉडलों की कीमतों में तत्काल प्रभाव से लगभग 15% कमी कर दी।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है डेस्कटॉप की कीमतों में कमी के कारण कंपनी को भारी घाटा हो जाए।

II : हो सकता है निकट भविष्य में कंपनी द्वारा निर्मित डेस्कटॉप की बिक्री में काफी ज्यादा वृद्धि हो जाए। *[Corporation Bank PO 2010]*

**89. कथन** : स्कूल प्राधिकारियों ने सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान विभिन्न कार्यक्रम करने के लिए स्कूल परिसर को किराए पर देने का निर्णय किया ताकि स्कूल की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने संसाधनों को बढ़ाया जा सके।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है स्कूल के छात्रों के माता-पिता स्कूल प्राधिकारियों के निर्णय का विरोध करें।

II : हो सकता है कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्कूल परिसर को किराए पर लेने की पर्याप्त माँग न हो। *[Corporation Bank PO 2010]*

**90. कथन** : पानी के संकट से उबरने के लिए स्थानीय नगर निकाय ने सभी नागरिकों से पेय जल की खपत में स्वेच्छा से लगभग 30% कमी करने का आग्रह किया है।

**पूर्वधारणाएँ**

I : हो सकता है कई निवासी पेय जल की खपत कम कर दें।

II : हो सकता है कई कार्यकर्ता नगर निकाय की इस कार्रवाई का स्वागत करें और निवासियों के बीच जागरूकता फैलाएँ। *[Corporation Bank PO 2010]*

**91. कथन** : कृपया इस बार इस विषय पर अर्द्ध-सरकारी के बजाए सरकारी पत्र भेजिए।

**पूर्वधारणाएँ**

I : विभिन्न प्रकार का पत्रों के प्रारूप और बदल भिन्न-भिन्न होता है।

II : एक ही विषय पर हम भिन्न-भिन्न प्रकार के पत्र भेज सकते हैं। *[Central Bank of India PO 2010]*

**92. कथन** : कृपया दिल्ली से लखनऊ के दो टिकटों की उपलब्धता का पता लगाएँ।

**पूर्वधारणाएँ**

I : पता लगाने वाले व्यक्ति को यात्रा का इच्छित माध्यम पता है।

II : पता लगाने वाले व्यक्ति को यात्रा करने वाले व्यक्ति का ब्योरा पता है। *[Central Bank of India PO 2010]*

**93. कथन** : यदि आप अपनी लिखने की गति बढाना चाहते हैं तो 0.7 पेन का प्रयोग करें।

**पूर्वधारणाएँ**

I : भिन्न-भिन्न प्रकार के पेन उपलब्ध हैं।

II : जिस व्यक्ति को बताया जा रहा है, वह समझता है कि 0.7 पेन क्या होता है? *[Central Bank of India PO 2010]*

**94. कथन** : ज्यादा स्पेस बनाने के लिए अतिरिक्त FSI खरीदने की जरूरत है।

**पूर्वधारणाएँ**

I : जिस व्यक्ति को बताया जा रहा है, वह FSI का अर्थ नहीं जानता।

II : ज्यादा स्पेश निर्माण लागत कम करेगी। *[Central Bank of India PO 2010]*

**95. कथन** : एक साइन-बोर्ड हो, जो दिशा और अनुदेश भी बताए।

**पूर्वधारणाएँ**

I : साइन-बोर्ड किसी भाषा का प्रयोग किए भी बनाया जा सकता है।

II : दिशा बताने के लिए केवल साइन-बोर्ड एक प्रभावी माध्यम है। *[Central Bank of India PO 2010]*

**96. कथन** : किसी भी ग्राहक को उधार देने से पहले बैंकों को उनकी वित्तीय हैसियत जाँच लेनी चाहिए।

**पूर्वधारणाएँ**

I : उधार देने से पहले जाँच कर लेने से ग्राहक की वित्तीय हैसियत की सही तस्वीर पता चल जाएगा।

II : कई बार ग्राहक बैंक को ऋण चुकाने की अपनी क्षमता के बारे में सही तस्वीर पेश नहीं करते हैं। *[Cyndicate Bank PO 2010]*

**97. कथन** : कम होते जीवाश्म ईंधन भंडारों को बचाने के लिए सरकार ने सभी वाणिज्यिक वाहनों का बायो - ईंधन से चलाने का फैसला किया।

**पूर्वधारणाएँ**

I : वाहनों के लिए जीवाश्म ईंधन से बायोईंधन में बदलना संभव है।

II : सभी वाणिज्यिक वाहनों को चलाने के लिए देश में बायो-ईंधन का पर्याप्त मात्रा में उत्पादन किया जा सकता है। *[Cyndicate Bank PO 2010]*

**98. कथन :** पर्यावरण को बचाने के लिए पूरे देश में गैर कानूनी खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

**पूर्वधारणाएँ**

I : कानूनी रूप से किया जाने वाला खनन पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुँचाता है।

II : पर्यावरण के नुकसान के लिए उत्तरदायी घटकों में से खनन एक घटक है। *[Cyndicate Bank PO 2010]*

**99. कथन :** कर्मचारियों को पूरा काम देने से पहले उन्हें काम से जुड़ा प्रशिक्षण दो।

**पूर्वधारणाएँ**

I : प्रशिक्षण कर्मचारियों को कार्य निष्पादन बढ़ाने में सहायता करता है।

II : प्रशिक्षण दिए जाने से पहले कर्मचारियों के पास कोई स्किल सेट नहीं है। *[Cyndicate Bank PO 2010]*

**100. कथन :** कारवी द्वीप समूह तक जल्दी पहुँचने के लिए बस के बजाए फेरी या किश्ती लें।

**पूर्वधारणाएँ**

I : दूरस्थ स्थान पर होने के कारण द्वीप समूह तक पहुँचना आसान नहीं है।

II : कारवी द्वीप समूह तक की यात्रा करने के लिए फेरी और किश्ती उपलब्ध है। *[Cyndicate Bank PO 2010]*

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (5) | 2. (4) | 3. (2) | 4. (1) | 5. (1) | 6. (2) |
| 7. (4) | 8. (5) | 9. (1) | 10. (3) | 11. (2) | 12. (1) |
| 13. (5) | 14. (5) | 15. (1) | 16. (2) | 17. (1) | 18. (5) |
| 19. (4) | 20. (1) | 21. (1) | 22. (4) | 23. (4) | 24. (1) |
| 25. (4) | 26. (5) | 27. (4) | 28. (4) | 29. (5) | 30. (1) |
| 31. (4) | 32. (2) | 33. (1) | 34. (1) | 35. (5) | 36. (1) |
| 37. (5) | 38. (2) | 39. (1) | 40. (1) | 41. (5) | 42. (1) |
| 43. (1) | 44. (2) | 45. (5) | 46. (4) | 47. (1) | 48. (2) |
| 49. (5) | 50. (2) | 51. (4) | 52. (5) | 53. (1) | 54. (4) |
| 55. (5) | 56. (4) | 57. (1) | 58. (5) | 59. (1) | 60. (4) |
| 61. (2) | 62. (4) | 63. (1) | 64. (2) | 65. (1) | 66. (2) |
| 67. (4) | 68. (1) | 69. (5) | 70. (5) | 71. (1) | 72. (2) |
| 73. (1) | 74. (1) | 75. (1) | 76. (5) | 77. (4) | 78. (1) |
| 79. (2) | 80. (4) | 81. (2) | 82. (1) | 83. (5) | 84. (1) |
| 85. (4) | 86. (1) | 87. (5) | 88. (2) | 89. (4) | 90. (1) |
| 91. (5) | 92. (1) | 93. (5) | 94. (4) | 95. (4) | 96. (1) |
| 97. (1) | 98. (2) | 99. (1) | 100. (2) | | |

## व्याख्यात्मक उत्तर

1. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि इस पद्धति की परीक्षा से सिर्फ वही व्यक्ति चयन किए जाएँगे जो कम्प्यूटर में पारंगत हो तथा अधिक योग्य है।

2. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं, क्योंकि प्रदूषण सिर्फ फैक्ट्रियों से ही पैदा नहीं होता है तथा लोगों को पुनर्स्थापित फैक्ट्रियों तक रोजाना यात्रा करने में कठिनाई हो सकती है।

3. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि मुआवजा नागरिकों के मन में वर्तमान सरकार के खिलाफ गुस्से को कम कर सकता है।

4. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि इससे अबोध नागरिक अपनी मेहनत की कमाई को धोखे में गँवाने से बच सकते हैं।

5. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि फैक्ट्रियों की बढ़ी हुई संख्या, भारत में चीनी की माँग को पूरा करने में शायद समर्थ न हो।

6. (2) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि मोहन ने अपनी माँ को करीब तीस लोगों के लिए भोजन का इन्तजाम करने के लिए कहा है। इससे स्पष्ट है कि उसकी जन्मदिन की पार्टी में तीस से ज्यादा लोग नहीं होंगे।

7. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं। क्योंकि सभी आवेदकों को कॉलेज में दाखिला मिल जाए। यह जरूरी नहीं है तथा दाखिले की प्रक्रिया सभी आवेदकों के लिए उचित हो, यह भी कोई जरूरी नहीं है।

8. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं। यह भी संभव हो कि विदेशी उच्चाधिकारियों के दौरे के दौरान लोग शहर में किसी भी स्थान पर इकट्ठा होने से बचें तथा यह भी संभव हो कि लोग निषेधात्मक आदेशों को नजरअंदाज करके इकट्ठे हों।

9. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। चूँकि सरकार के दो बड़े शहरों को जोड़ने वाले सुपर हाईवे का प्रयोग करने वाले प्रत्येक वाहन पर 100 रु० का टोल टैक्स लगाने का निर्णय लिया। इससे यह संभव है कि इन शहरों के बीच यात्रा करने वाले अधिसंख्य वाहन सुपर हाईवे का प्रयोग न करें।

10. (3) केवल या तो पूर्वधारणा I या II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि वेतन संशोधन के निर्णय को अगले वर्ष तक स्थगित करने के निर्णय के खिलाफ डिग्री कॉलेजों के सभी अध्यापक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। अतः सरकार या तो सभी हड़ताली अध्यापकों को निलंबित कर देगी या अध्यापकों के वेतन को चालू वर्ष में संशोधित कर देगी।

11. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि पिकनिक मनाने वाले इसे पढ़ लें और समुद्र में जाते समय सावधान रहें।

12. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। सरकार के आदेशानुसार सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक 25 लाख रु० तक के सभी आवास ऋणों पर ब्याज दर घटा दे।

13. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि इलाके में रहने वाले बड़ी संख्या में अस्पताल द्वारा दी जा रही मुफ्त जाँच का लाभ उठाएँ और अस्पताल का स्टाफ जाँच के लिए आने वाले लोगों की भीड़ संभाल लेगा।

14. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। चूँकि सरकार के पास पूरी अवधि के दौरान खाद्यान्न वितरित करने का पर्याप्त स्टॉक है और इससे गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार 5 रु० प्रति किग्रा की दर से खाद्यान्न खरीदने में समर्थ हो सकें।

15. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि इससे हो सकता है अधिकांश टिकट बिक जाए जिससे क्रिकेट निकाय को भारी आमदनी हो।

16. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, चूँकि नगर निगम शहर में जल की आपूर्ति पूर्ण रूप से नहीं कर पा रहा है। अतः यह संभव है कि कर को कम कर दे।

17. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। रेल की पटरियों को पार करने पर लोगों को काफी जुर्माना देना पड़ा। अतः वे भविष्य में पटरियों को पार करने से परहेज करेंगे।

18. (5) दोनों ही पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। चूँकि इन कार्यक्रमों का संचालन के लिए सरकार के पास पर्याप्त निधि है और इन कार्यक्रमों के कारण प्रभावित लोगों को कम-से-कम दिन में एक बार खाना मिल जाए।

19. (4) न तो पूर्वधारणा I और न तो पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

20. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। हो सकता है कि गर्मी की लहर एक पखवाड़े से ज्यादा न चले। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने अगले पखवाड़े तक सारे स्कूलों को बंद करने के लिए कहा है।

21. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि कथन में कहा गया है कि 18 वर्ष से ऊपर के बेरोजगारों को भत्ता दिया जाना चाहिए। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत में ऐसे बेरोजगार युवा हैं जिन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। परंतु यह कोई निश्चित नहीं है कि इसके लिए सरकार के पास फंड है या नहीं।

22. (4) न तो पूर्वधारणा I और न तो पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित हैं।

23. (4) न तो पूर्वधारणा I और न तो पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित हैं।

24. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन को अनुसरण कर रहा है। कथनानुसार मिलों की संख्या बढ़ने के बावजूद हम चीनी का आयात जारी रखे हुए हैं इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि चीनी की खपत बढ़ी हुई है, किन्तु बहुत सी मिलें कम उत्पादन करती हैं यह स्पष्ट नहीं है।

25. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं, क्योंकि कथन में यह स्पष्ट नहीं है कि इससे सामान्य जीवन पर प्रभाव पड़ेगा या नहीं और यह भी स्पष्ट नहीं है कि पानी की कमी कब दूर होगी।

26. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। कथन में सीख लेने की बात कही गयी है और साथ ही कहा गया है कि गलतियों से डरना नहीं चाहिए। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कार्य करते वक्त गलतियाँ संभावित हैं फिर सीख लेने की बात से यह भी स्पष्ट है कि गुजरे हुए समय से हमें लाभ उठाने की समर्थता है।

27. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

28. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वह शहर में है या शहर से बाहर और वह पार्टी में आयेगा या नहीं।

29. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। लोग अभी भी शाही परिवार को आदर देते हैं और रीतिरिवाजों और शाही खून की शुद्धता एवं पवित्रता को महत्व देते हैं।

30. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि विज्ञापन का उपयोग बिक्री में वृद्धि करने के लिए ही किया जाता है।

31. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

32. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि नई योजना न्यूनतम दर पर कर अदा करने हेतु लोगों को आकर्षित कर सकती है।

33. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि आजकल भाग-दौड़ की जिन्दगी में लोग अपने घर पर ही ऐसा सेवा चाहेंगे, क्योंकि वे बैंक जाकर अपना अमूल्य समय गँवाना नहीं चाहते हैं।

34. (1) पूर्वधारणा I कथन के आलोक में वैध ठहरती है। चूँकि अंतिम वर्ष के स्नातक के विद्यार्थियों की व्याख्यान में उपस्थिति अनिवार्य नहीं बनाये जाने का उल्लेख किया गया है जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि वे बिना व्याख्यान में उपस्थित हुए भी अपने अध्ययन को जारी रख सकते हैं।

35. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। पहले दर्जे की पाठशाला उपलब्ध की जा सके और पाठशाला में उचित हाजिरी की व्यवस्था की जा सके इससे बिल्कुल स्पष्ट है कि गरीब परिवार के बच्चे अच्छी पाठशालाओं यानी पहले दर्जे के पाठशालाओं में नहीं जाते हैं साथ ही पाठशाला में उचित हाजिरी हो। इससे स्पष्ट है गरीब परिवार के बच्चे नियमित पाठशाला नहीं जाते हैं।

36. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है चूँकि सामाचार पत्र पढ़ने के लिए होते हैं, इसलिए सभी व्यक्ति पढ़ना पसंद करते हैं।

37. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अंतर्निहित हैं। कथनानुसार लोग भड़किले नारा की ओर आकृष्ट होते हैं तथा विज्ञापन पढ़ते हैं। इसी के चलते बैंक ने विज्ञापन दिया होगा।

38. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है। कथनानुसार यदि आप निपुण हैं तो हमारे पास आपके लिए काम उपलब्ध है इससे यह स्पष्ट होता है।

39. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, चूँकि सूचना सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दी गयी है। ट्रेन के अंदर सुरक्षा वांछनीय है। इसी के लिए सूचना दी गई है और पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित नहीं है, क्योंकि लोग अगर सूचना पर ध्यान नहीं देंगे तो फिर सूचना देने का कोई औचित्य ही नहीं होगा।

40. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, चूँकि कम्प्यूटर सीखना आसान है, क्योंकि कठिन चीजें स्कूल के बच्चों को नहीं सिखाया जा सकता इसलिए कम्प्यूटर शिक्षा स्कूल से ही शुरू करनी चाहिए।

41. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अंतर्निहित हैं, चूँकि अन्तर्राष्ट्रीय मैच का आयोजन कभी-कभी होता है, पूर्वधारणा I में अनुमान व्यक्त किया गया है। अतः यह कथन में अन्तर्निहित है तथा जो व्यक्ति टिकट के लिए कतार में खड़े हैं उनको टिकट मिल ही जाना चाहिए। अतः पूर्वधारणा II भी कथन में अन्तर्निहित है।

42. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। चूँकि सूचना खतरों को ध्यान में रख कर ही दिया गया है। अतः लोग इसका पालन करेंगे।

43. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। चूँकि कर्मचारी संघ ने अपने समस्त कर्मचारियों को वार्षिक कार्यक्रम से दूर रहने के लिए कहा है। अतः उसके अधिकांश कर्मचारी वार्षिक कार्यक्रम से दूर रहेंगे।

44. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, चूँकि बैठक गाँव के मुखिया के द्वारा बुलाया गया है अतः गाँव के अधिकांश परिवार इस बैठक में शामिल हो सकते हैं। पहले इस तरह का बैठक हुआ है कि नहीं यह कथन में चर्चा नहीं किया गया है। अतः पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

45. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। चूँकि नगर निगम ने तटों के किनारे झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को ऊँची जगहों पर जाने के लिए कहा गया है। अतः ऐसा ही सकता है कि मानसून के मौसम में उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़े और वे राज्य के किसी भाग या ऊँची जगहों पर रहें।

46. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

47. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि CEO किसी भी उत्पाद के पर्सेप्शन को बदल सकता है।

48. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है। क्योंकि कोई भी नया प्रोडक्ट लोगों के लिए महत्वपूर्ण होता है और जो भी नया मॉडल आता है उसके बारे में लोगों को उस मॉडल के आने के बाद पता चलता है। अतः पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित नहीं है।

49. (5) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि दोनों को लंच के समय और जगह के बारे में पता है। तभी वह उसको बोल रहा है।

50. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि प्रतिभा आनुवंशिक होती है और इसके पहचानने के लिए प्रतिभावान होना जरूरी होता है।

51. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

52. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं चूँकि अनुरोध को लोग स्वीकार करते हैं इसलिए रात के खाने पर आने के लिए अनुरोध किया गया है। यदि ऐसा नहीं करता तो हो सकता था कि रात के खाने की आशा से नहीं आते।

53. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है क्योंकि किसी देश के मानव संसाधन की गुणवत्ता के बारे में निश्चित करना संभव है और यह कोई जरूरी नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र के हृदय में आर्थिक समृद्धि हासिल करने का ही लक्ष्य हो।

54. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

55. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि नौकरी के लिए अभ्यर्थियों के चयन हेतु किए जाने वाले साक्षात्कार में उनके व्यक्तित्व गुणों का मापन होना चाहिए। इस कथन से बिल्कुल स्पष्ट है कि किसी कार्य का निष्पादन व्यक्ति के गुणों पर निर्भर करता है और व्यक्तित्व के गुणों को साक्षात्कार के द्वारा परखा जाता है।

56. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं। चूँकि सिगरेट नहीं पीने से स्वास्थ्य में वृद्धि या कमी होती है। इसका कथन से कोई लेना-देना नहीं है तथा चेतावनी तभी दी जाती है जब उसकी जरूरत होती है।

57. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि जो पुस्तकें अच्छी होती हैं वे बिकती जरूर हैं।

58. (5) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। चूँकि बड़े ट्रक के ड्राईवर ने इमरजेंसी लगाई जिसके चलते ऑटोरिक्सा ड्राईवर अपने रिक्से को टक्कर से बचा ले या ट्रक ड्राईवर टक्कर से पहले ट्रक को रोक दे।

59. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

60. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

61. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि कार्यक्रम का आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि उससे इक्ट्ठा होने वाले पैसा से क्लब की बिल्डिंग का निर्माण किया जाए। अतः ऐसा हो सकता है इक्ट्ठा हुआ पैसा क्लब के बिल्डिंग के निर्माण के लिए काफी हो।

62. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

63. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति किसी को तभी सलाह देता है जब उसका कोई सलाह सुनता है।

64. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि प्रदूषण रक्षक मास्क पहनने की बात जब कही जा रही है तो वह निश्चित रूप से सुरक्षित और प्रतिकूल दुष्प्रभाव वाला न होने का अनुमान लगाया जा सकता है।

65. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, कथनानुसार यह परिलक्षित होता है कि औद्योगिक समाज में प्रदूषण उसका एक भाग है।

66. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि कथन में घाटे के बारे में चर्चा किया गया है और उसकी भरपाई माल भाड़े में वृद्धि कर करने को कहा गया है।

67. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

68. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। चूँकि कथन में राष्ट्र की आन्तरिक एवं बाह्य खतरों से मुक्त रहने को कहा गया है जो किसी राष्ट्र के द्वारा संभव हो सकता है।

69. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि आजकल मोबाईल लोगों के लिए एक अनिवार्य एवं आवश्यक तत्व हो गया है।

70. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि हवाई जहाज से यात्रा करना अब हैसियत का प्रतीक बन गया है तथा लोग हवाई जहाज से यात्रा करने में सक्षम भी हैं।

71. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, चूँकि विद्यालयों में मध्य दिवस के भोजन के चलते विद्यालय में छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि मध्य दिवस का भोजन बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित कर रहा है।

72. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि शहर को जल-आपूर्ति करने वाली झीलों का मौजूदा जल-स्तर सामान्य आपूर्ति के लिए पर्याप्त हो सकता है—यह सोचकर अधिकारियों ने शहर की जल-आपूर्ति पर कोई कटौती नहीं की है।

73. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि सभी प्रबंध संस्थानों को पर्याप्त छात्र मिल जाते हैं जिससे प्रबंध संस्थानों की संख्या अधिक है।

74. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि ''संस्थान को कम्प्यूटरीकृत करना आवश्यक है'' का मतलब है जब तक संस्थान को कम्प्यूटरीकृत नहीं किया जाएगा तबतक संस्थान दौड़ में पिछड़ते रहेगा।

75. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, चूँकि सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के हितों की रक्षा तथा संवर्धन संभव है, इसलिए कथन में इसका जिक्र किया गया है। अगर यह संभव नहीं होता तो इस तरह के कथन की कोई आवश्यकता नहीं होती।

76. (5) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित हैं क्योंकि यदि सरकार ने किसानों को राहत प्रदान करने के लिए एक योजना बनाई है तो यह अवश्य ही माना जा सकता है कि उस योजना को क्रियान्वित किया जा सकता है। अतः I तथा II को बिना लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की जा सकती है।

77. (4) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं है क्योंकि स्कूल के प्राचार्य अवश्य ही यह मान रहे होंगे कि विद्यार्थी निर्देश का पालन करेंगे, क्योंकि अगर एक व्यक्ति किसी को या व्यक्तियों के एक समूह को निर्देश देता है, तो पहला यह मानता है कि दूसरा इसका पालन करेगा।

78. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि रेलवे प्राधिकरण द्वारा लिये गए पहल का उद्देश्य रेलवे सेवाओं को ग्राहक के लिए सुविधाजनक बनाना है।

79. (2) केवल पूर्वधारणाएँ II कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि विज्ञापन से यह स्पष्ट है कि विज्ञापनकर्ता के पास अवश्य ही सारे छात्रों को स्थान देने की पर्याप्त क्षमता है।

80. (4) दोनों पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित नहीं है क्योंकि नगर-निगम द्वारा उठाए गए कदम का उद्देश्य छुट्टियों के दौरान स्थानीय निवासियों को एक अच्छा मनोरंजन का साधन प्रदान करता है। नगर-निगम अवश्य ही यह मान रहा होगा कि स्थानीय लोग फन फेयर में भाग ले सकते हैं।

81. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि जब कोई व्यक्ति छुट्टी के लिए आवेदन करता है तो वह मान लेता है कि छुट्टी मंजूर हो जाएगा।

82. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि जब आप किसी को कुछ करने के लिए निर्देशित करते हैं तो आप यह मान लेते हैं कि वह आपके अनुसार निर्देशित होगा।

83. (5) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि कर लगाने का उद्देश्य I से स्पष्ट हो जा रहा है और जब नियम बनाया जाता है, तो यह मानलिया जाता है कि लोग इसका पालन करने में सक्षम हैं।

84. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि यहाँ कथन में अपने खर्चे पर बगीचे बनवाने के बारे में कहा गया है। अतः हो सकता है स्थानीय नागरिकों का समूह बगीचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त निधि एकत्र कर ले।

85. (4) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं है क्योंकि कर्मचारी अपना नौकरी छोड़ देंगे ऐसा फैसला नहीं लिया जाएगा तथा कथन में अगले वर्ष की चर्चा कहीं भी नहीं की गई है।

86. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि बिना यात्रियों की वृद्धि का कोई अर्थ नहीं होगा और हो सकता है गर्मियों के इन महीनों में मुख्य मार्गों पर एक एयरलाइन कॉरपोरेशन से अधिक संख्या में यात्री यात्रा करेंगे।

87. (5) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि जब आप किसी व्यक्ति को आमंत्रित करते हैं तो यह मानते हैं कि वह आएगा और आप बिना तैयारी के समारोह का आयोजन नहीं कर सकते।

88. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि कीमतों में कमी यह सोचकर किया गया है कि बिक्री में वृद्धि होगी तथा इस प्रकार लाभ प्राप्त होगा।

89. (4) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

90. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि लोगों से आग्रह यह मानकर किया जाता है कि वे इसका पालन करेंगे।

91. (5) दोनों पूर्वधारणा I और II कथन में अन्तर्निहित हैं।

92. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित हैं।

93. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं।

94. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

95. (4) दोनों पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित नहीं हैं।

96. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

97. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

98. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

99. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

100. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

## अभ्यास–2

### TYPE-II.

**निर्देश (1–25) :** *नीचे दिये गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके नीचे तीन पूर्वानुमान I, II एवं III दिए गए हैं। एक पूर्वानुमान कभी-कभी मान लिया जाता है या स्वीकार कर लिया जाता है। आपको कथन एवं पूर्वानुमानों को ध्यान में रखकर निर्णय लेना है कि पूर्वानुमानों में कौन-सा/कौन-से कथन में अन्तर्निहित है/हैं।*

1. **कथन :** खरीफ की फसल के मौसम से पहले सरकार ने भारतीय खाद्य निगम से बहुत अधिक मात्रा में खाद्यान्न निकालने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : बाजार में इस समय खाद्यान्न की कमी हो सकती है।
II. : खरीफ की फसल भारतीय खाद्य निगम के भण्डार को फिर से भरने योग्य हो सकती है।
III. : किसानों द्वारा खरीफ की उपज को फसल के तुरंत बाद उपार्जन करने की माँग हो सकती है।

1. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है।
2. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
3. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
4. केवल I और III अन्तर्निहित हैं।
5. सभी अन्तर्निहित हैं। *[Oriental Insurance AAO 2010]*

2. **कथन :** भारत में रोजगार की स्थिति में सुधार लाने के लिए वर्तमान शिक्षा प्रणाली में दैनिक जीवन में वैज्ञानिक खोजों को कार्यान्वित करने की ओर नया रूप देने की आवश्यकता है।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : विद्यार्थी ऐसी शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात अपना जीवन निर्वाह करने के लायक हो सकते हैं।
II. : यह युवकों के मानसों में शिक्षा का अर्थ ला सकता है।
III. : राज्य अधिक राजस्व प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि अधिक से अधिक व्यक्ति अपने आपको स्वरोजगार में लगाएंगे।

1. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
2. केवल III अन्तर्निहित है।
3. केवल I और III अन्तर्निहित है।
4. सभी अन्तर्निहित हैं।
5. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है। *[Oriental Insurance AAO 2010]*

3. **कथन :** लाभ में वृद्धि करने के लिए तेल निर्यात करनेवाले देशों ने प्रतिदिन 5 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन कम करने का निर्णय लिया।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : कच्चे तेल का मूल्य कम उत्पादन के कारण बढ़ सकता है।
II. : भविष्य में कच्चे तेल की माँग वही रह सकती है।
III. : अन्य देश इन देशों से कच्चा तेल खरीदना जारी रख सकते हैं।

1. सभी अन्तर्निहित हैं।
2. केवल I अन्तर्निहित है।
3. केवल I एवं II अन्तर्निहित हैं।
4. केवल II एवं III अन्तर्निहित हैं।
5. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है। *[Oriental Insurance AAO 2010]*

4. **कथन :** "हम नहीं चाहते हैं कि आप हमारा उत्पादन समाचार पत्रों में देखें, पूर्व पर्यावलोकन के लिए हमारी दूकान पर पधारें" — एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : व्यक्ति सामान्यतः विज्ञापन में नाम देखने के पश्चात किसी उत्पादन को खरीदने का निर्णय लेते हैं।
II. : असामान्य निवेदन ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं।
III. : व्यक्ति उत्पाद को देखने आ सकते हैं।

1. सभी अन्तर्निहित हैं।
2. केवल I अन्तर्निहित है।
3. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
4. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
5. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है। *[Oriental Insurance AAO 2010]*

5. **कथन :** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को बड़े बकायादारों को नए कर्जे मना करने का निर्देश दिया है।

पूर्वधारणाएँ

I. : बैंक फिर भी बड़े बकायादारों को कर्जे दे सकते हैं।

II. : बकायादार नया कर्ज प्राप्त करने के लिए पहले कर्ज का भुगतान कर सकते हैं।

III. : बैंक ऐसी कठोर कार्यवाहियों से बुरे कर्ज वसूल कर सकते हैं।

1. सभी अन्तर्निहित हैं।
2. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है।
3. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
4. केवल I और III अन्तर्निहित हैं।
5. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।

*[Oriental Insurance AAO 2010]*

6. कथन : पिछले सात दिनों में टिकटों की बिक्री को देखते हुए सरकस अधिकारियों ने खेल को अगले पन्द्रह दिन तक चालू रखने का निर्णय लिया। इनमें सप्ताहों के अन्त के दो दिन भी शामिल हैं।

पूर्वधारणाएँ

I. : लोग सप्ताह के अंतिम दिनों में खेल देखने नहीं आएँगे।

II. : सरकस देखने आने वाले लोगों की औसत संख्या लगभग वही होगी जो पिछले सात दिन थी।

III. : दूसरे स्थानों पर पर्याप्त प्रतिक्रियाएँ नहीं होंगी

1. सभी अन्तर्निहित हैं।
2. केवल II अन्तर्निहित है।
3. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
4. केवल III अन्तर्निहित है।
5. कोई अन्तर्निहित नहीं है।

7. कथन : टेलीफोन कंपनी ने ग्राहकों को नोटिस भेजकर सूचित किया कि जो देय तिथि तक बिल का भुगतान नहीं करेंगे उनसे प्रत्येक अदायगी दिन के लिए जुर्माना लिया जाएगा।

पूर्वधारणाएँ

I. : अधिकांश लोग जुर्माने से बचने के लिए देय तिथि तक अपने बिलों का भुगतान कर देंगे।

II. : जुर्माने के रूप में इकट्ठा किया हुआ धन देरी से हुए भुगतान से हुई हानि को पूरा कर देगा।

III. : लोग सामान्यतः इस प्रकार के नोटिसों की ओर ध्यान देते हैं।

1. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है।
2. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
3. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
4. केवल I और III अन्तर्निहित हैं।
5. सभी अन्तर्निहित हैं। *[United Bank PO 2010]*

8. कथन : राष्ट्रीय विमानवाहक ने टाउन 'A' से टाउन 'B' की साप्ताहिक वायुसेवा आरंभ करने का निर्णय लिया है।

पूर्वधारणाएँ

I. : संचालन को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए पर्याप्त यात्री होंगे।

II. : अन्य वाहक इस प्रकार की सेवा आरंभ नहीं करेंगे।

III. : इन टाउनों के आस-पास रहने वाले व्यक्ति हवाई यात्रा का खर्चा बर्दास्त कर सकते हैं।

1. केवल I अन्तर्निहित है।
2. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
3. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
4. केवल I और III अन्तर्निहित हैं।
5. सभी अन्तर्निहित हैं।

9. कथन : मित्रों के एक समूह ने लोगों की भीड़ से बचने के लिए अगले अवकाश के समय दमदमा लेक पिकनिक पर जाने का निर्णय लिया।

पूर्वधारणाएँ

I. : सामान्यतः अधिक लोग दमदमा झील नहीं जाते हैं।

II. : लोग दमदमा झील के अलावा अन्य स्थानों को पसंद करते हैं।

III. : बहुत से लोगों को दमदमा झील के बारे में पता नहीं है।

1. केवल I अन्तर्निहित है।
2. केवल II अन्तर्निहित है।
3. केवल III अन्तर्निहित है।
4. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
5. सभी अन्तर्निहित हैं। *[United Bank PO 2010]*

10. कथन : "तुरन्त आधिपत्य के लिए न्यायालय क्षेत्र में एक दो शयनकक्ष फ्लैट की आवश्यकता है।" —एक विज्ञापन

पूर्वधारणाएँ

I. : न्यायालय क्षेत्र में फ्लैट उपलब्ध है।

II. : कुछ व्यक्ति विज्ञापन का जबाव देंगे।

III. : इस प्रकार के विज्ञापन देने की एक प्रथा है।

1. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
2. केवल II अन्तर्निहित है।
3. केवल III अन्तर्निहित है।
4. सभी अन्तर्निहित हैं।
5. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है। *[United Bank PO 2009]*

2. कथन : सरकार ने पूरे देश के कई ब्लॉकों में हाईवे के निर्माण कार्य का निजी स्थापनाओं को बिल्ड — ऑपरेट – ट्रान्सफर पर निलामी करने का निर्णय किया है।

पूर्वधारणाएँ

I. : हो सकता है पर्याप्त संख्या में निजी स्थापनाएँ सरकार की निलामी की अधिसूचना का उत्तर न दे।

II. : देश की कई निजी स्थापनाएँ यथोचित समय के भीतर हाईवे का निर्माण करने में समर्थ हैं।

III. : हो सकता है सरकार के बिल्ड-ऑपरेट-ट्रान्सफर वाले प्रस्ताव का निजी स्थापनाओं को वित्तीय लाभ हो।

1. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
2. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
3. केवल II अन्तर्निहित है।
4. केवल I और III अन्तर्निहित हैं।
5. इनमें से कोई नहीं *[SBI Associate PO 2010]*

12. कथन : सरकार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि जब भी संभव हो अपनी दैनिक गतिविधियाँ पूरी करने के लिए कागज का प्रयोग करने के बजाय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रयोग करे, क्योंकि कागज बनाने के लिए बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ते हैं जिससे ईकोसिस्टम को भारी नुकसान पहुँचता है।

पूर्वधारणाएँ

I. : हो सकता है कई लोग नेमि कार्य पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रयोग करने में सक्षम हों।

II. : हो सकता है कई लोगों की अपनी दैनिक नेमि गतिविधियाँ पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक पहुँच होगी।

III. : हो सकता है व्यापक रूप से लोग सरकार की अपील को खारिज कर दें और पहले की तरह कागज का प्रयोग करते रहें।

1. केवल I अन्तर्निहित है।

2. केवल II अन्तर्निहित है।
3. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
4. केवल III अन्तर्निहित है।
5. इनमें से कोई नहीं। *[SBI Associate PO 2010]*

13. **कथन** : देश के विश्वविद्यालय को नियंत्रित करने वाले सर्वोच्च निकाय ने सभी तकनीकी कोर्सों के पाठ्यक्रमों को संशोधित करने का निर्णय लिया है, ताकि उन्हें उद्योग की मौजूदा जरूरतों के प्रति एकाग्र किया जा सके जिससे तकनीकी ग्रेजुएट वर्तमान समय की तुलना में अधिक रोजगार-योग्य हो सके।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : हो सकता है विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबद्ध तकनीकी कॉलेज सर्वोच्च निकाय के फैसले का स्वागत न करे और वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रम को ही जारी रखे।

II. : हो सकता है उद्योग सर्वोच्च निकाय के फैसले का स्वागत करे और इन कॉलेजों से की जाने वाली अपनी भर्ती को बढ़ा दे।

III. : हो सकता है सरकार सर्वोच्च निकाय को सभी कॉलेजों में उनके फैसले को लागू करने की अनुमति न दे, क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल सकती है

1. कोई अन्तर्निहित नहीं है। 2. केवल I अन्तर्निहित है।
3. केवल II अन्तर्निहित है। 4. केवल III अन्तर्निहित है।
5. केवल I व II अन्तर्निहित हैं। *[SBI Associate PO 2010]*

14. **कथन** : खतरे को ध्यान में रखते हुए, सरकार के उच्च अधिकारी के दौरे के लिए पुलिस प्राधिकरण ने सारे इलाके को सारा दिन घेरे रखा और सभी वाहनों की आवाजाही को रोक दिया और इलाके के सभी निवासियों को अपने-अपने घर से बाहर आने-जाने को सीमित रखने की सलाह दी।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : हो सकता है पुलिस के कार्मिक इलाके में वाहनों की आवाजाही को न रोक सकें और सशस्त्र बलों से सहायता माँगे।

II. : हो सकता है इलाके में रह रहे लोग असुविधा से बचने के लिए अपने-अपने घर से बाहर निकलें।

III. : हो सकता है सरकारी अधिकारी इलाके के लोगों पर अपने-अपने घर से बाहर आने पर लगी रोक को हटाने का अनुरोध पुलिस प्राधिकरण से करें।

1. कोई अन्तर्निहित नहीं है। 2. केवल I अन्तर्निहित है।
3. केवल II अन्तर्निहित है। 4. केवल III अन्तर्निहित है।
5. केवल II व III अन्तर्निहित हैं। *[SBI Associate PO 2010]*

15. **कथन** : एयरलाइन्स ने अपने सभी वास्तविक यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपने घर से चलने से पहले फ्लाइट परिचालन की स्थिति जाँच लें, क्योंकि भारी कोहरे से फ्लाइटों के सामान्य परिचालन में भारी कठिनाई आ रही है।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : हो सकता है अधिकांश यात्री एयरपोर्ट के लिए अपनी यात्रा शुरू करने से पहले फ्लाइट की स्थिति की जाँच कर लें।

II. : हो सकता है सरकार एयरलाइन कंपनी द्वारा जारी नोटिस पर गंभीर आपत्ति करे।

III. : हो सकता है अधिकांश यात्री अपने टिकट रद्द करा दें और स्थिति के सामान्य होने तक अपनी यात्रा स्थगित रखें दे।

1. कोई अन्तर्निहित नहीं है। 2. केवल I अन्तर्निहित है।
3. केवल II अन्तर्निहित है। 4. केवल III अन्तर्निहित है।
5. केवल I व III अन्तर्निहित हैं। *[SBI Associate PO 2010]*

16. **कथन** : कंपनी ने हाल ही में समय के पाबंद और निष्ठावान कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन की शृंखला घोषित की है।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : जो अभी समय के पाबंद नहीं है इस घोषणा से प्रोत्साहित हो सकते हैं।

II. : कंपनी की उत्पादकता बढ़ सकती है।

III. : कंपनी द्वारा अर्जित लाभ हो सकता है कि प्रोत्साहन कार्यक्रमों पर खर्च हो रही धनराशि से अधिक होगा।

1. कोई अन्तर्निहित नहीं है।
2. सभी अन्तर्निहित हैं।
3. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
4. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
5. इनमें से कोई नहीं। *[BSRB PO 2002]*

17. **कथन** : हमें किसी भी तरह की सम्भाव्यता का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए तथा सभी एसाइनमेंट *(Assignment)* कार्यसूची के अनुसार ही पूरे किए जाने चाहिए — डायरेक्टर ने सभी फैकल्टी मेम्बरों से कहा।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : किसी गंभीर सम्भाव्यता की संभावना है।

II. : सभी एसाइनमेंट्स की तारीखें निर्धारित हैं।

III. : फैकल्टी मेम्बरों से अपेक्षा है कि वे सभी एसाइनमेंट्स समय पर पूरा कर लेंगे।

1. सभी
2. केवल II और II अन्तर्निहित हैं।
3. कोई नहीं
4. केवल III अन्तर्निहित है।
5. केवल I अन्तर्निहित है। *[MBA 2005]*

18. **कथन** : Z टी०वी० एक मात्र ऐसा टी०वी० है जो दर्शकों को एक साथ दो कार्यक्रम देखने का अवसर देता है।—एक विज्ञापन

**पूर्वधारणाएँ**

I. : Z टी०वी० की बिक्री इस विज्ञापन के कारण बढ़ सकती है।

II. : कुछ लोग इस विज्ञापन के कारण प्रभावित हो सकते हैं और Z टी०वी० खरीद सकते हैं।

III. : Z टी०वी० की बिक्री नीचे की ओर जा रही है।

1. कोई अन्तर्निहित नहीं है।
2. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
3. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
4. सभी अन्तर्निहित है।
5. इनमें से कोई नहीं *[BSRB PO 2002]*

19. **कथन** : 'घर में रहते हुए एक व्यवसायी बनने का दुर्लभ अवसर' — एक कम्प्यूटर कंपनी का कंम्प्यूटर शिक्षित गृहिणियों के लिए विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ**

I. : कुछ गृहिणियाँ साथ-ही-साथ व्यवसायी भी बनना चाहती हैं।

II. : कम्प्यूटर व्यवसाय तेजी से बढ़ रहा है।

III. : एक ही साथ गृहिणी एवं व्यवसायी बनना संभव है।

1. केवल I और II 2. केवल II और III
3. केवल I और III 4. केवल II
5. इनमें से कोई नहीं *[SBI PO 2000]*

20. कथन : किसी व्यक्ति की क्षमता के विकास में सहकारिता एवं सामाजिक संबंधों का बड़ा योगदान रहता है।

पूर्वधारणाएँ

I. : प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक रूप से सम्पन्न होने का इच्छुक रहता है।

II. : व्यक्ति अपनी क्षमता के विकास का इच्छुक रहता है

III. : समाज में सहकारिता का वातावरण निर्मित करना तथा उसकी देखभाल करना संभव है।

1. केवल II और III
2. केवल II और I
3. केवल I और III
4. केवल II
5. इनमें से कोई नहीं।

21. कथन : उत्कृष्टता हेतु काम करने वाले शिक्षक ही पुरस्कार के पात्र हैं।

पूर्वधारणाएँ

I. : सभी शिक्षक मेहनत से काम करते हैं।

II. : केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार मिलता है।

1. केवल I ही अन्तर्निहित है।
2. केवल II ही अन्तर्निहित है।
3. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
4. इनमें से कोई नहीं। *[SSC 2006]*

22. कथन : टेलीफोन कंपनी ने उपभोक्ताओं को एक नोटिस द्वारा सूचित किया कि जो निर्धारित तारीख तक अपने बिल अदा नहीं करेंगे, उनसे हर बीत जानेवाले दिन के लिए दण्ड लिया जायेगा।

पूर्वधारणाएँ

I. : दण्ड से बचने के लिए अधिकांश लोग अपने बिल निर्धारित तारीख तक अदा कर देंगे।

II. : दण्ड के द्वारा एकत्रित धन उस क्षति की पूर्ति कर देगा, जो विलम्बित भुगतान के कारण हुआ है।

III. : लोग साधारणतया ऐसे नोटिसों पर ध्यान देते हैं।

1. कोई अन्तर्निहित नहीं है।
2. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
3. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
4. सभी अन्तर्निहित हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

23. कथन : जनसम्पर्क साधनों द्वारा अत्यधिक हिंसा के प्रदर्शन के कारण, आक्रामक छेड़छाड़ में वृद्धि हो रही है।

पूर्वधारणाएँ

I. : दूरदर्शन (टी०वी०) का दर्शकों पर प्रभाव पड़ता है।

II. : लोग, आक्रामक स्वभाव के हैं।

1. केवल I ही अन्तर्निहित है।
2. केवल II ही अन्तर्निहित है।
3. केवल I और II अन्तर्निहित हैं।
4. इनमें से कोई नहीं। *[SSC 2007]*

24. कथन : वर्तमान वेतन में खर्चा पूरा कर पाने में असमर्थ होने पर तरूण ने दूसरी कंपनी में नौकरी कर ली।

पूर्वधारणाएँ

I. : नयी कंपनी में काम का माहौल बेहतर है।

II. : वर्तमान कंपनी हल्का वेतन देती है।

III. : नयी कंपनी अपनी सभी कर्मचारियों को ऊँचा वेतन देती है।

1. सभी अन्तर्निहित हैं।
2. कोई भी अन्तर्निहित नहीं है।
3. केवल II अन्तर्निहित है।
4. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

25. कथन : उसकी निर्लज्जता तो देखो। भारती ने मेरे पत्र का जबाव नहीं दिया।

पूर्वधारणाएँ

I. : भारती ने उसका पत्र पाया।

II. : भारती को उसका पत्र नहीं मिला।

III. : पत्र डाक द्वारा भेजा गया।

1. केवल I अन्तर्निहित है।
2. केवल II और III अन्तर्निहित हैं।
3. केवल II अन्तर्निहित है।
4. केवल III अन्तर्निहित है।
5. इनमें से कोई नहीं। *[MBA 2009]*

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (5) | 2. (1) | 3. (3) | 4. (1) | 5. (1) | 6. (2) |
| 7. (5) | 8. (4) | 9. (1) | 10. (5) | 11. (1) | 12. (3) |
| 13. (3) | 14. (3) | 15. (2) | 16. (5) | 17. (1) | 18. (3) |
| 19. (3) | 20. (1) | 21. (2) | 22. (4) | 23. (1) | 24. (3) |
| 25. (1) | | | | | |

## व्याख्यात्मक उत्तर

1. (5) तीनों पूर्वधारणाएँ I, II और III कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि कथन में भारतीय खाद्य निगम से बहुत अधिक मात्रा में खाद्यान्न निकालने की चर्चा किया गया है। ऐसा इसलिए हो सकता है कि इस समय बाजार में खाद्यान्न की कमी हो या खाद्य निगम नया खाद्यान्न का भण्डारण करना चाहता हो और किसान अपनी खरीफ की उपज को खाद्य निगम में बेच सके।

2. (1) केवल पूर्वधारणाएँ I और II अन्तर्निहित हैं, क्योंकि कथन में शिक्षा से रोजगार समस्या में सुधार की चर्चा किया गया है। अगर ऐसा होता है तो विद्यार्थी अपना जीवन-निर्वाह करने लायक हो सकते हैं।

3. (3) केवल पूर्वधारणाएँ I और II अन्तर्निहित हैं। चूँकि तेल निर्यात करने वाले देश तेल का उत्पादन कम करते हैं तो तेल का मूल्य बढ़ सकता है और भविष्य में कच्चे तेल की माँग वही रह सकती है।

4. (1) सभी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं। चूँकि विज्ञापन इसलिए ही दिया जाता है कि लोग उसे देखें और उसकी तरफ आकर्षित हों।

5. (1) सभी पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं। क्योंकि ऐसा हो सकता है कि सभी बैंक रिजर्व बैंक के आदेश को नहीं माने और बकायादार नया कर्ज के लिए पुराने कर्ज का भुगतान कर दे और ऐसा भी हो सकता है कि बैंक कर्ज की वसूली के लिए कठोर कदम उठाये।

6. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है। क्योंकि सरकस वाले ने लोगों की भीड़ को देखते हुए खेल को आगे जारी रखने का निर्णय लिया है।

7. (5) सभी पूर्वधारणाएँ I, II और III कथन में अन्तर्निहित हैं।

8. (4) केवल I और III कथन में अन्तर्निहित हैं।

9. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित हैं। मित्रों का एक समूह लोगों की भीड़ से बचने के लिए दमदमा लेक पिकनिक पर जाने का निर्णय लिया, क्योंकि हो सकता है कि वहाँ पर बहुत कम लोग जाते हों।

10. (5) कोई पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

11. (1) केवल पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं।

12. (3) केवल पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित है।

13. (3) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

14. (3) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

15. (2) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

16. (5) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है क्योंकि कंपनी में कुछ; कर्मचारी निष्ठावान या समय के पाबंद नहीं होंगे, जो कंपनी द्वारा दी गई प्रोत्साहनों की शृंखला से प्रभावित हो सकते हैं।

17. (1) सभी पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि कथन में गंभीर सम्भाव्यता का सामना करने को तैयार रहने के लिए कहा गया है। अतः किसी गंभीर समस्या की संभावना है।

18. (3) केवल पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं।

19. (3) केवल पूर्वधारणाएँ I और III कथन में अन्तर्निहित हैं।

20. (1) केवल पूर्वधारणाएँ II और III कथन में अन्तर्निहित हैं।

21. (2) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

22. (4) सभी पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं।

23. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

24. (3) केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

25. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

***